प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 01.10.2023 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आज देशभर में लोगों ने व्यापक स्वच्छता अभियान में भागीदारी की। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से एक दिन पहले देशवासियों से स्वच्छता अभियान के लिए आज सुबह 10 बजे से एक घंटे तक श्रमदान की अपील की थी। इस अवसर पर सभी वर्गों के लोगों ने बाजार परिसरों, रेल–पटरियों, जलाशयों, पर्यटन और पूजा–स्थलों सहित सार्वजनिक स्थलों पर सफाई कार्य में भागीदारी की। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, डॉ. जितेंद्र सिंह, हरदीप सिंह पुरी, मीनाक्षी लेखी और राजीव चंद्रशेखर ने भी आज दिल्ली में स्वच्छता अभियान में भाग लिया। थलसेना, नौसेना और वायु सेना के जवानों ने भी आम जनता के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान में उत्साहपूर्ण भागीदारी की।
इस अभियान में देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के छह लाख 40 हजार से अधिक स्थलों पर श्रमदान हुआ। प्रदेश में भी स्वच्छता अभियान में लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कोटा के महावीर नगर इलाके में केन्द्रीय उद्योग और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने स्वच्छता में श्रमदान किया। उनके साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद रहे। बूंदी के नागर सागर कुण्ड पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान किया। दौसा के नेहरू गार्डन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। सवाईमाधोपुर में सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों तथा विभिन्न संगठनों की ओर से स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित हुए। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सवाईमाधोपुर कार्यालय और नेहरू युवा केन्द्र की ओर से खेरदा आंगनबाडी केन्द्र पर हुए कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी रखी गई।

....

निवार्चन आयोग नें राजस्थान में निष्पक्ष ओर शांतिपूर्ण मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए तीन दिन के दौरे पर जयपुर आये निर्वाचन आयोग के शीर्ष दल ने चुनाव तैयारियों को लेकर संतोष व्यक्त किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज जयपुर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश के युवा और महिला मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। उन्होंने बताया कि राज्य में इस बार 21 लाख 90 हजार ऐसे युवा मतदाता है जो पहली बार वोट देंगे। श्री कुमार ने युवाओं से मतदान में रूचि दिखाने और अपने मताधिकार का उचित उपयोग करने का अनुरोध किया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में 51 हजार पोलिंग बूथ तैयार किये गये है। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों में पोलिंग बूथ की संख्या ज्यादा है। इनमें से आधे मतदान केन्द्रों पर आयोग की ओर से मतदान की वेबकास्टिंग की जायेगी। ताकि मतदान में होने वाली किसी भी गलती को पकडा जा सके। मुख्य चुनाव आयुक्त ने उम्मीद जताई कि लोग प्रदेश में निष्पक्ष चुनाव कराने में आयोग का सहयोग करेंगे। इस अवसर पर निर्वाचन आयोग के डीजी मीडिया बी नारायणन तथा निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय और अरूण गोयल भी मौजूद थे। इससे पहले जयपुर में आज सुबह मतदाता जागरूकता के लिये वाकेथॉन आयोजित की गई। इसे मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्त ने हरी झंडी दिखाई।

....

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस–2023 प्रारंभिक परीक्षा आज आयोजित की जा रही है। सुबह 11 बजे से शुरू हुई परीक्षा दोपहर 2 बजे तक चलेगी। परीक्षा के लिए राज्य में 2 हजार 158 केन्द्र बनाये गये है। इसके लिए 6 लाख 97 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था।

....

बारां के अंता में कृषि विज्ञान केन्द्र में मोटा अनाज उत्पादन और मूल्य संवर्धन पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में केन्द्र के संयुक्त निदेशक अतीश कुमार शर्मा ने लोगों से भोजन में ज्यादा से ज्यादा मोटा अनाज शामिल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इसे पोषक अनाज के रूप में पहचान दिलाने और इसका उत्पादन बढाने पर जोर देना चाहिए।

....

केन्द्रीय संचार ब्यूरो के डूंगरपुर क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से कल ओडा बडा गांव में सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत तथा स्वच्छता ही सेवा पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके साथ ही प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी ने कहा कि पोषण अभियान महिला एवं बाल विकास विभाग का एक प्रमुख कार्यक्रम है। इसका उददेश्य किशोरियो, गर्भवती महिलाओ और स्तनपान कराने वाली माताओं को कुपोषण से बचाना है।

....